पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
POWER GRID CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)

प्रेस विज्ञप्ति
तत्काल उपयोग के लिए

पावरग्रिड ने एमईएल पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड का अधिग्रहण किया

05.06.2025, गुरुग्राम: भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत महारत्न पीएसयू पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने मध्य प्रदेश में महन एनर्जेन लिमिटेड जनरेशन स्टेशन से BOOT आधार पर बिजली की निकासी के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम स्थापित करने हेतु 558 करोड़ रुपये (एनसीटी अनुमान) की लागत से 'एमईएल पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड' परियोजना एसपीवी का अधिग्रहण किया है।

इस परियोजना में मध्य प्रदेश में मौजूदा रीवा पूलिंग स्टेशन (पावरग्रिड) पर 400 के.वी. डी/सी ट्रांसमिशन लाइन और संबंधित बे की स्थापना शामिल है और यह मध्य प्रदेश के महन एनर्जेन लिमिटेड (2x600 मेगावाट) जनरेशन स्टेशन से विद्युत की विश्वसनीय निकासी सुनिश्चित होगी।

दिनांक 31 मई 2025 तक, पावरग्रिड द्वारा 5,64,961 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता वाले 283 सब-स्टेशन और 1,80,239 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों को कमीशन कर संचालित किया जा रहा है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के बेहतर उपयोग के साथ, पावरग्रिड ने लगातार 99.85% से अधिक ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता बनाए रखी है।

जारीकर्ता:
टीम कॉर्पोरेट संचार
हमें ट्विटर पर फॉलो करें: @pgcilindia
ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.in
www.powergrid.in